संक्षिप्त

चुनाव शांतिपूर्ण होने पर जताया आभार

निवाई, (निसं)। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्न होने पर विधायक रामसहाय वर्मा व सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया सहित सभी पार्टियों के प्रत्याशी, नगरपालिका अध्यक्ष, पंचायत समिति प्रधान व पूर्व विधायक सहित सभी पार्टियों के पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं ने टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र में उत्साह के साथ बढ चढकर योगदान देने व लोकतंत्र के इस महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी का आभार जताया। विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया, पूर्व शहर अध्यक्ष रामअवतार घाटी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा, प्रधान रामअवतार लांगडी, उपप्रधान दयाराम जाट व भाजपा नेता रतनदीप गुर्जर सहित भाजपा के कई नेताओं व कांग्रेस की ओर से विधायक रहे प्रशान्त बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट, शहर अध्यक्ष पारस पहाडी व पूर्व शहर अध्यक्ष महावीर पराणा सहित कई नेताओं ने टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र में उत्साह के साथ मतदान करने वाले सभी मतदाताओं, लोकतंत्र के इस महापर्व में अथक परिश्रम कर सहभागी बने समस्त पुलिस प्रशासन, मीडियाकर्मियों, मतदान अधिकारियों एवं पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को इस चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने पर उनका आभार जताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग करने का आहवान किया।

परशुराम जन्मोत्सव पोस्टर का विमोचन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। विप्र समाज श्रीमाधोपुर की ओर से आगामी 10 मई शुक्रवार को आयोजित होने वाले भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह के पोस्टर का विमोचन रविवार 28 अप्रैल को प्रात: 7 बजे श्री गणेश मंदिर श्रीमाधोपुर में किया जाएगा। तत्पश्चात विप्र जनों की टीम में सिमारला कोटडी, ढाबा वाली, कोटडी सिमारला, हरदा काली व कंचनपुर आदि जगहों पर पहुंचकर विप्र जनों से संपर्क कर समारोह को भव्य बनाने पर चर्चा करेंगे। जनसंपर्क करने हेतु जाने वालों में विनोद काछवाल, ओमप्रकाश पचौरी, विशाल बोह राई, हेमकांत भातरा, दीपक चोटिया, मामराज ढोला, अजय मिश्रा, जितेंद्र पारीक, जितेंद्र रुथ ला, नितिन तिवारी, मानक चंद तिवारी, एडवोकेट राजेंद्र शर्मा, पंकज लाटा आदि शामिल रहेंगे।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

अलवर, (निसं)। दक्ष प्रजापति यूनियन ट्रस्ट की ओर से रविवार को ग्राम चिडवाई श्री सांवरिया विद्यालय में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर प्रजापति ने बताया कि जिला महासचिव स्वर्गीय सतीश कुमार प्रजापति की याद में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर प्रात: 9 से दोपहर 3 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें समाज बंधुओं से आग्रह करता हूं कि इस पुण्य कार्य में भाग अवश्य लें और किसी का जीवन बचाने में सहयोग करें। इस मौके पर हमारी संस्था के मुख्य ट्रस्टी राजकुमार प्रजापति सहित पूरे जिले की टीम मौजूद रहेगी।

बच्चों ने पौधारोपण कार्य किया

अलवर, (निसं)। श्री अग्रवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय अलवर के छात्रों ने विद्यालय प्रांगण में राजस्थान सरकार में मंत्री संजय शर्मा के प्रतिदिन पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को विद्यालय के बच्चों ने मंत्री के सफल ऑपरेशन के बाद में पौधारोपण कार्य को आगे बढ ाते हुए स्वास्थ्य लाभ की कामना कर पांच पौधे विद्यालय प्रांगण में लगाए। विद्यालय में पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने ली। इस दौरान बच्चों ने ईश्वर से प्रार्थना की की मंत्री जल्द ही स्वस्थ हो। इस दौरान विद्यालय समिति मंत्री राजेंद्र कुमार गुप्ता अनिल कुमार सिंघल सदस्य प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा इंद्र कुमार गर्ग सुरेंद्र सिंह श्रीकांत शर्मा कृष्ण यादव सहित स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे।

भजन जिकड़ी का आयोजन 4 मई को

भरतपुर (निस)। ग्राम पंचायत अजान कुम्हेर में 4 मई को जिकडी भजनों का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में पुरस्कार निम्न प्रकार रहेंगे। ग्राम पंचायत अजान के सरपंच समय सिंह ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 31000 रूपये, द्वितीय 21000 रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 11000 रूपये का दिया जावेगा तथा प्रत्येक कलाकार को 500 रूपये अलग से दिये जायेंगे।

आई.टी.बी.पी. जवान का दिल का दौरा पड़ने से निधन

- राजकीय सम्मान से हुआ अन्तिम संस्कार
- विधायक ने श्रद्धांजलि देते हुये परिजनों को ढांढस बंधाया

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कुहाडा कल्याणपुरा निवासी आईटीबीपी जवान मनोहर लाल गुर्जर का विगत 25 अप्रैल को ड्युटी पर दिल का दौरा पडने से निधन हो गया। जिसका शनिवार को राजकीय सम्मान से अन्तिम संस्कार किया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम कुहाडा कल्याणपुरा निवासी मनोहर लाल गुर्जर (37) भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस की 14 वीं बटालियन में कानि. जीडी के पद पर उत्तराखण्ड के पिथोरागढ में तैनात था। विगत 25 अप्रैल को परिजनों को बटालियन के उच्चाधिकारियों से सूचना प्राप्त हुई कि मनोहर का दिल का दौरा पडने से निधन हो गया है।

जिसका गांव में पता चलते ही शोक की लहर दौड गई। शनिवार को मनोहर का शव आईटीबीपी के अधिकारी सडक़ मार्ग द्वारा ग्राम कल्याणपुरा कुहाडा लेकर पहुँचे। जहाँ राजकीय सम्मान से दिवंगत जवान का अन्तिम संस्कार किया गया। आईटीबीपी जवानों की टुकडी द्वारा मृतक मनोहर लाल को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। मनोहर लाल के परिवार में पिता छोटू लाल, माता सजना देवी, पत्नी सुमन देवी, पुत्र कृष्ण व आशीष एवं दो पुत्रियां निशु व मोना समेत भाई रोहिताश है।

आईटीबीपी जवानों की टुकड़ी द्वारा मनोहर लाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

उनके एक भाई रामशरण का पूर्व में ही सडक दुर्घटना में निधन हो गया था। मृतक जवान 20 दिन पूर्व ही 15 दिन की छुट्टी काटकर ड्युटी पर वापस लौटा था। अन्तिम संस्कार में पहुंचे विधायक हंसराज पटेल ने दिवंगत जवान को अपनी श्रद्धांजलि देते हुये परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान सरपंच विक्रम छावडी, पूर्व पार्षद हरदान पायला, झाबरमल गुर्जर समेत बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अन्तिम यात्रा में ग्रामीणों ने देश भक्ति नारे लगाकर अपनी संवेदनायें व्यक्त की।

नाटक पार्क का मंचन आज

टोंक, (निसं)। एक्स्ट्रा एन ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में कम्युनिटी थिएटर टोंक द्वारा लेखक, अभिनेता मानव कौल द्वारा रचित नाटक पार्क का मंचन रविवार शाम 6.45 पर एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो, देव नगर, बैरवा धर्मशाला के पीछे किया जाएगा। जिसका निर्देशन शहर के युवा रंगकर्मी, संगीतकार चितरंजन नामा ने किया हैं। विगत 7 वर्षों से लगातार शहर में रंगमंच की नींव को आगे बढाते हुए कम्युनिटी थिएटर समूह ने अपनी नई जगह एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो को तैयार कर एक नया रूप दिया है। सकारात्मक ऊर्जा और रचनात्मकता से सराबोर जगह पर यह समूह अब नाट्य प्रक्रियाओं को समाहित कर अब नाट्य प्रस्तुतियों का आयोजन करेगा। कम्युनिटी थिएटर टोंक ने टोंक का नाम रंगमंच के क्षेत्र में इतिहास के पन्नों में दर्ज किया है जहां फरवरी 2024 में थिएटर ग्रुप का नाटक द डैथ ऑफ गैलीलियो का मंचन एशिया के सबसे बडे नाट्य समारोह भारत रंग महोत्सव में मंचित हुआ।

महाविद्यालय संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

श्रीमाधोपुर, (निसं)। महात्मा गाँधी पी.जी. कॉलेज, श्रीमाधोपुर के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी प्रताप सिंह खर्रा को महाविद्याला प्रांगण में शनिवार को उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के संस्थापक शिक्षाविद स्वर्गीय चौधरी प्रताप सिंह खर्रा सेवानिवृत कृषि अधिकारी की 17वीं पुण्यतिथि पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा, प्राचार्य डॉ वी.के. सैनी, उप प्राचार्य विजेंद्र कुमार, विज्ञान संकाय प्रभारी विरेंद्र यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, कार्यालय प्रभारी कैलाश कुमार सिंह, एनसीसी सीटीओ सुरेश कुमार सामोता द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। एनसीसी सीटीओ सुरेश कुमार सामोता के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स द्वारा भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सभी छात्र छात्राओं ने पुष्प अर्पित किए। शारीरिक शिक्षा के राम सिंह जाट के नेतृत्व में सभी खिलाडियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। मांगीलाल कुमावत के नेतृत्व में एनएसएस सव्यंसेवकों द्वारा भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही उनके पुत्र रणवीर सिंह खर्रा, मोहर सिंह खर्रा, उषा खर्रा, गीता खर्रा व पौत्र-पोत्रियों व परिवार के सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। निदेशक मोहर सिंह खर्रा ने बताया कि पिताजी ने वर्ष 2003 में महाविद्यालय की स्थापना की थी जिसका मुख्य उद्देश्य श्रीमाधोपुर व आसपास के गांवों के लोगों को उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाना था। श्रीमाधोपुर की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना ही महाविद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य था। इस अवसर पर व्याख्याता प्रमोद वर्मा, कैलाश कुमार, आनंद बबेरवाल, रोहित शर्मा, वसीम अली, महेंद्र यादव, ग्यारसीलाल यादव, धर्मपाल सिंह, प्रदीप शर्मा सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

चौधरी प्रताप सिंह खर्रा को महाविद्यालय प्रांगण में पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

निवाई में झुलसने से सात बकरियों की मौत

निवाई, (निसं)। गांव ललवाडी की माताजी की ढाणी में शनिवार को अचानक आग लग गई। आग में झुलसने से सात बकरियों की मौत हो गई। माताजी की ढाणी निवासी कन्हैयालाल पुत्र प्रभुलाल रैगर के कच्चे मकान में शनिवार की दोपहर में करीब 2 बजे अचानक भयानक आग लग गई जिससे सात बकरियों की झुलसने से मौत हो गई। उक्त घटना को लेकर परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मिटटी व पानी डालकर आग को बुझाया।

घटना की सूचना पर सरपंच मास्टर देवालाल गुर्जर मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक अविनाश जैन झिलाय व गिरदावर बुद्धिप्रकाश सैनी को सूचना दी। सूचना पर पटवारी व दतवास पुलिस के बीट प्रभारी सुखराम गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर अग्निशमन को बुलाकर ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। सरपंच देवालाल गुर्जर ने बताया कि पीडित परिवार बहुत गरीब है। वह अपनी आजीविका बकरियों से चलाता था। उक्त घटना को लेकर ग्रामीण छोटूलाल वर्मा, राजेश, प्रभु रैगर, नेनुलाल व गोपीराम सहित कई ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को सरकार से पीडित परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की।

वृद्ध दंपति से हुई लूट, एक सप्ताह बाद भी खुलासा नहीं

मालपुरा, (निसं)। टोडारायसिंह क्षेत्र की मैन्दवास थानान्तर्गत हमीरपुर गांव में बाडे में सो रही वृद्ध महिला के नाक से सोने की बाली तो पति के कानो से सोने की मुर्कियां तोड ले भागने की वारदात का एक सप्ताह बाद भी खुलासा नहीं होने से पीडित परिवारजन व ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। लूट की वारदात के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जल्द लुटेरों की गिरफ्तारी व वारदात का खुलासा कर सोने की बाली व मुर्कियां बरामद करने का आश्वासन दिया था। मिली जानकारी में सामने आया कि हमीरपुर गांव निवासी सत्यनारायण गुर्जर व उसकी पत्नी बाडे मे सो रहे थे। मध्य रात्री बाद दो शातिर चोर पूर्व में रैंकी कर चारपाई पर सो रहे सत्यनारायण के दोनो कानों में पहनी सोने की मुर्कियां पर झपट्टा मार तोड लिया। मुर्किया तोडने पर चिल्लाने की आवाज सुन पास ही सो रही पत्नि को जाग हुई तो शातिर चोरों ने वृद्ध महिला की आंखों में टॉर्च की रोशनी डाल नाक में पहनी सोने की बाली तोडकर मौके से भाग छुटे। दोनो पति-पत्नि लूट का शिकार होने पर चिल्लाये तो दौडकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने चोरों का पीछा भी किया लेकिन वो भागने में सफल रहे। सूचना पर पहुंची मैन्दवास थाना पुलिस ने पिडित दम्पति से बयान दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने लूट की वारदात को अंजाम दे भागे दोनों युवकों का पीछा किया तो एक स्थान पर टॉर्च मिली जिसकी पहचान एक ग्रामीण ने गांव के पास ही रह रहे मोग्या जाति के रामलाल के डेरे में टॉर्च को देखने की पुष्टि की जिस पर ग्रामीणों ने डेरों में पहुंच रामलाल व उसके पुत्र को पकड पुलिस के हवाले कर दिया। हमीरपुर सरपंच गीता देवी जाट सहित मौजूद ग्रामीणों ने रामलाल मोग्या से तोडी गई मुर्किया व बाली लौटाने की समझाइश की लेकिन उसने वारदात को अंजाम देने से साफ इंकार कर दिया था। पुलिस मामले में आज भी पूछताछ व जांच में ही उलझी हुई है। वही लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र में भी दो महिलाओं के साथ हुई सोने के आभूषण की लूट का चार महिने बाद भी खुलासा करने में लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

सार-समाचार

गोबिंद गिरी महाराज का भक्तों ने किया स्वागत

खैरथल, (निसं)। गुरु मंगलगिरी आश्रम के प्रभारी संत स्वामी गोबिंद गिरी महाराज के पाकिस्तान में तीन माह प्रवास के बाद खैरथल लौटने पर भक्तों द्वारा स्वागत किया गया। सेवादार बब्बन गुरनानी ने बताया कि स्वामी जी के पाकिस्तान प्रवास के दौरान पिछले दिनों आश्रम के वरिष्ठ सेवादार रुपजी के ब्रह्मलीन हो जाने के कारण स्वागत साधारण रुप से किया गया। वे पाकिस्तान के सिंध प्रांत में गुरु मंगलगिरी आश्रम में प्रवास पर रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी लालचंद रोघा, घनश्याम भारती, पार्षद जाजन मूलानी भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश मंत्री गिरधारी लाल ज्ञानानी, राजकुमार दादवानी विजय बच्चानी, नत्थू मल रामलानी, राजू विष्णु, राजा कटारिया, विक्की कटारिया, नोतन दास, गोपाल नेता , रामचंद्र खटवानी सहित सैकडों अनुयायियों ने पुष्प पंखडियों से स्वामी जी का स्वागत किया।

कनेक्शन करना भूले एनएएचआई अधिकारी

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा क्षेत्र से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर अंधेरा दूर करने के लिए एनएएचआई द्वारा यहां बिजली के पोल भी खडे कर दिए गए हैं। अधिकारियों द्वारा इन पोलो पर स्ट्रीट लाइट भी लगा दी गई हैं। लेकिन महिनों बीत जाने के बाद भी इनका कनेक्शन करना भूल गए। जिससे रात में सडक दुर्घटनाएं तो हो ही रही हैं साथ ही रात के अंधेरे में आपराधिक घटनाएं भी बढ रही है। शिकायत करने के बाद भी अंधेरी सडकों पर लाइट नहीं जलाई जा रही है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते रात में इन सडकों पर अंधेरा छाया रहता है। वाहन चालकों को सडक के गड्ढे व सडक पर बैठे जानवर नहीं दिखते हैं। इससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। हालांकि सडक पर होने वाली दुर्घटनाओं का एक बडा कारण मवेशियों का सडक पर विश्राम करना है। अंधेरा होने के कारण वाहन चालक को रात में स्पष्ट सडक दिखाई नहीं देती है, जिससे लोग मवेशियों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। जिम्मेदारों द्वारा जनसुविधा के प्रति लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा जनता को दुर्घटना के रूप में भुगतना पड रहा है। रात आठ बजे के बाद अंधेरी सडकों से निकलने वाले नागरिकों को अनहोनी का डर बना रहता है। वही रात होने के बाद महिलाएं निकलने से डरती हैं। पहले अंधेरी सडकों पर राहगीर छीना-छपटी और मारपीट के शिकार बन चुके हैं। रास्ता सुनसान होने की वजह से आए दिन अपराधिक घटनाओं में निरंतर बढोत्तरी हो रही है। लेकिन एनएएचआई अधिकारी आँखे मूंदे बैठे है।

प्रशासन ने ली राहत की सांस

निवाई, (निसं)। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्न होने पर प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्न करवाने व मत प्रतिशत बढाने के लिए निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधिकारी पिछले 3-4 माह से लगातार स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से दिन-रात मतदाताओं को जागरूक करके शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया वहीं मतदान अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को लगातार प्रशिक्षणों का आयोजन करके लोकतंत्र की परंपरा की मर्यादा बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक हो कर शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। वही मतदान अधिकारी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी लेने एवं रोशनी की उपलब्धता जानने सहित कई व्यवस्थाओं में जुटे रहे। पुलिस प्रशासन भी अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में फ्लेग मार्च व गश्त करके पूरी तरह चाक चौबंद रहे। चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढाने, मादक पदार्थ व अवैध शराब माफियों पर सख्ती बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने, मतदाताओं को डराने धमकाने वालों पर विशेष निगाह रखने, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कानून कार्यवाही करने सहित कई व्यवस्थाओं में जूटे रहे। चुनाव संपन्न होने के साथ ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

अधिक शराब पीने से युवक की मौत

किशनगढबास, (निसं)। बस स्टैंड परिसर में अधिक शराब के सेवन से 28 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर भारी भीड का जमावडा लग गया। लोगों की सूचना पर किशनगढबास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हेड कांस्टेबल हंसराज ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इसके बाद मृतक के शव को किशनगढबास सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के भाई शहरुन पुत्र मुबीन ने पुलिस को जानकारी दी कि उसका भाई 28 वर्षीय मुस्ताक पुत्र मुबीन मेव किशनगढबास के गांव मोठूका का निवासी था। जो कि किशनगढबास में कचरा बीनने का काम करता था। पुलिस ने मृतक मुस्ताक मेव के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

हर्षित नागा टेलेन्ट हंट परीक्षा में प्रथम

फुलेरा, (निसं)। कस्बे की सांभर सड़क स्थित निकुंज स्कूल में क्षेत्र की सभी स्कूल के प्रतियोगियों की आयोजित हुई टैलेंट हन्ट 2024 प्रतियोगिता में कक्षा 7 में हर्षित नागा पुत्र सीताराम नागा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि द्वितीय स्थान पर अस्मिता पटेल और शिवरंजनी जैन तथा तृतीय स्थान पर सृष्टि शर्मा रहे। गौरतलब है कि सभी प्रतिभा फुलेरा की निवासी है। इसी क्रम में संस्था प्रबंधक जी. डी. अग्रवाल ने हर्षित को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र तथा 3100 रूपये का नगद राशि देकर सम्मानित किया। हर्षित सहित अन्य सभी प्रतिभाओं ने अपनी स्कूल सहित फुलेरा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके चलते प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी सहित अन्य कई लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

पावटा में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

- विधायक व ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया

पावटा, (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में पंडाला स्टैंड प्रेमनगर मँढा पावटा में आयोजित होने वाले 51 कुंड गायत्री महायज्ञ एवं विशाल दीपयज्ञ का शनिवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया।

कलश यात्रा का शुभारंभ टोडा धाम महंत श्री श्री 1008 मंगलदास महाराज एवं कुंडा धाम महाराज प्रहलाद दास महाराज के सानिध्य में मंढा हीरामल बाबा के स्थान से किया गया जो की ग्राम के मुख्य मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पंडाला स्टैंड प्रेमनगर मँढा पहुंची। कलश यात्रा में धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ बडी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य एवं श्रद्धालु पीतांबर वस्त्र धारण किए हुए हाथों में ध्वज लिए एवं महिलाएं सिर पर कलश एवं ज्वारे लेकर चल रही थी। मंगल कलश यात्रा का विधायक कुलदीप धनकड व ग्रामवासियों द्वारा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई और महिलाओं द्वारा अपने-अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर मंगल कलश यात्रा का स्वागत किया गया। गर्मी की अधिकता के कारण रास्ते में ग्रामवासियों द्वारा यात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं को शीतल जल पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई। वही शांतिकुंज हरिद्वार राजस्थान जॉन प्रभारी जय सिंह यादव, गायत्री शक्तिपीठ जयपुर जॉन प्रभारी रणवीर सिंह चौधरी, सीकर जॉन प्रभारी कालूराम कटारिया और कंवरपाल सिंह जांगिड, कोटपूतली बहरोड थानाराम शेफट, रघुवीर बानसूर तहसील प्रभारी, सुभाष यादव बानसूर मातादीन सैनी किरारोडद, बलूराम प्रजापति पूरणमल पारीक, कृष्ण कुमार सीए, प्रीति सैनी, सरोज सामोता, कविता की उपस्थिति में विश्व शांति एवं सुख शांति समृद्धि के लिए विश्व कल्याण हेतु सभी के उज्जवल भविष्य एवं संपन्नता के लिए शांतिकुंज हरिद्वार के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रात: 7 बजे से यज्ञ कर्म प्रारंभ किया गया।

यात्रा के समापन पर कार्यक्रम स्थल पर प्रसादी वितरण की गई। वही 28 अप्रैल को सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञायोग व्यायाम, सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे तक देव पूजन, गायत्री महायज्ञ, 29 अप्रैल को सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञायोग व्यायाम, 8.30 बजे से 11.30 बजे तक देव पूजन, विभिन्न संस्कार, 30 अप्रैल को सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञायोग व्यायाम, 8.30 बजे से 11.30 बजे तक देव पूजन, पूर्णाहुति, प्रसाद विदाई कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा।

गायत्री परिवार के सदस्य एवं श्रद्धालु पीतांबर वस्त्र धारण किए तथा महिलाएं सिर पर कलश एवं ज्वारे लेकर चल रही थी।

न्यायिक अधिकारी लगाने की मांग

पावटा, (निसं)। अभिभाषक संघ पावटा जिला कोटपूतली बहरोड प्रतिनिधि मंडल ने न्यायाधिपति अनूप कुमार दंड इंस्पेक्टिंग जज जयपुर जिला राजस्थान उच्च न्यायालय व रजिस्टार जनरल राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ व जिला जज एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर से मिलकर पावटा स्थित एमजेएम कोर्ट में नियमित न्यायिक अधिकारी लगाने व न्यायालय भवन के निर्माण स्वीकृति जारी करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपते हुए प्रतिनिधि मंडल ने अवगत करवाया कि नियमित न्यायिक अधिकारी के नहीं होने पर पावटा व कोटपूतली के चक्कर लगाने से आमजन व अधिवक्ताओं को होने वाली परेशानियों व समस्याओं के बारे में बताया। इस पर अधिकारी गण द्वारा शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। उक्त प्रतिनिधि मंडल में अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश धानका, महामंत्री ओमप्रकाश सैनी, कोषाध्यक्ष अनिल यादव, पुस्तकालय अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव शामिल रहे।